हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 295 देहरादून, बृहस्पतिवार, 18 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



यमुना-मसूरी पेयजल पंपिंग योजना के सफल ट्रायल से बुझेगी मसूरीवासियों की प्यास

3

# मुख्यमंत्री ने हरिद्वार में किया 120 करोड़ की 16 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास



## लोकार्पण एवं शिलान्यास की गई योजनाओं का विवरण

हरिद्वार में जिन योजनाओं का लोकार्पण किया गया उनमें हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण की प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत इंद्रलोक फेस-02 में 528 नवनिर्मित आवास, जिनकी लागत 4175.00 लाख रुपए, बहादराबाद स्थित पण्डित दीन दयाल उपाध्याय उद्यान का निर्माण/सौंदर्यीकरण का कार्य लागत 104.61 लाख रूपये, बिरला घाट से चण्डी चौक तथा ललतारों चौक की ओर रिक्त पड़ी भूमि पर उद्यानीकरण तथा सौन्दर्यीकरण का कार्य, लागत 9.89 लाख रूपये, शंकराचार्य चौक से ऋषिकेश की ओर जाते हुये बाये किनारे पर उद्यानीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य, जिसकी लागत 11.48 लाख रूपये, इन्द्रलोक आवासीय योजना फेस-1 एवं आसपास के क्षेत्रों में जल भराव की समस्या के निदान हेतु नाले का निर्माण, जिसकी लागत 145.10 लाख रूपये है। नगर निगम हरिद्वार क्षेत्रांन्तर्गत सूखे कूड़े के निस्तारण हेतु एमआरएफ सेण्टर की स्थापना लागत 300.00 लाख रूपये, नगर निगम हरिद्वार क्षेत्रान्तर्गत गीले कूडे.के निस्तारण हेतु बायो कम्पोस्टर की स्थापना, लागत 279.00 लाख रूपये, नगर निगम हरिद्वार क्षेत्रान्तर्गत निर्मित ए0बी0सी0 सेण्टर के संचालन, अवशेष सिविल कार्य एवं उपकरणों की स्थापना, जिसकी लागत 119.33 लाख रूपये तथा स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत नगर निगम हरिद्वार क्षेत्र में 18 नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, जिसकी लागत 78.00 लाख रूपये है, का लोकार्पण किया। इसी तरह जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण द्वारा सिटी काम्पलेक्स हरिद्वार में 02 टेनिस कोर्ट, 02 स्क्वाश कोर्ट, इंडोर शूटिंग रेंज, सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट और मौजूदा बैडमिंटन कोर्ट की विशेष मरम्मत का कार्य, जिनकी लागत 600.00 लाख रूपये, अवस्थापना विकास निधि के विभिन्न निर्माण/विकास कार्य, जिसकी लागत 2919.70 लाख रूपये, अवस्थापना विकास निधि में जनपद हरिद्वार स्थित विभिन्न पार्कों/स्थलों के निर्माण/सौन्दर्यीकरण का कार्य, लागत 310.59 लाख रूपये, नगर निगम हरिद्वार क्षेत्रान्तर्गत चारधाम यात्रा हेतु 22 ऑटोमैटिक स्मार्ट वाटर एटीएम, जिनकी लागत 66.00 लाख रूपये, नगर निगम हरिद्वार क्षेत्रान्तर्गत पावन धाम आश्रम के निकट निराश्रितों हेतु रैन बसेरों का निर्माण, लागत 190.99 लाख रूपये, नगर निगम हरिद्वार क्षेत्रान्तर्गत चण्डीघाट एवं सराय स्थित 4.21 मी0टन लीगेसी वेस्ट का भूमि पुनरूद्धार कार्य, जिसकी लागत 2314.00 लाख रूपये, नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 20 स्मार्ट टॉयलेट, जिनकी लागत 400.00 लाख रूपये है, प्रमुख हैं।

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री "पुष्कर सिंह धामी" ने बुधवार को सिडकुल रोशनाबाद हरिद्वार में लगभग 120 करोड़ की 16 विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसमें 52.22 करोड़ की 9 विकास योजनाओं का लोकार्पण तथा 68 करोड़ से अधिक की 7 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 528 गरीब परिवारों को आवास भी प्रदान किये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सिडकुल में सर्विस लेन का नाले सहित निर्माण, रो नदी पर पुल का निर्माण, सिडकुल बहादराबाद औद्योगिक क्षेत्र में पेयजल की समस्या के समाधान हेतु पानी की टंकी का निर्माण, सिडकुल क्षेत्र में जलभराव समस्या के समाधान हेतु नाले का निर्माण कर बड़े नाले से जोड़े जाने, बहादरा औद्योगिक सिडकुल क्षेत्र की आंतरिक सड़कों का लोक निर्माण विभाग के माध्यम से निर्माण कार्य कराये जाने के साथ बहादराबाद औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन की स्थापना किये जाने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत नव-निर्मित भवनों का निरीक्षण किया तथा एनिमल एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास में ये योजनायें मील का पत्थर साबित होंगी। इससे राज्य के समग्र विकास के संकल्प को साकार करने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने स्वयं के घर का मालिक बने लोगों को भी बधाई देते हुए कहा कि आम आदमी के घर का सपना पूरा होने से उनके जीवन में स्थिरता आती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को अपना पक्का घर देने का हमारा ये अभियान सिर्फ एक सरकारी योजना मात्र नहीं है, ये प्रदेश के एक-एक वंचित को इस बात का विश्वास देने की प्रतिबद्धता है कि सरकार उनके सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पहले घर, दुकान, गाड़ी, खेत सभी पुरुषों के नाम पर हुआ करते थे, परन्तु हमने यह नियम बदल कर महिलाओं को भी घर की मालकिन बनाने का कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस योजना के तहत लाखों रूपये के पी.एम आवास से देश की करोड़ों दीदियों को लखपति बनने का भी कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विकास कार्यों और लाभार्थियों की सहायता करते समय न किसी गरीब की जाति देखती है और न ही किसी गरीब का धर्म। गरीबों को समर्पित हमारी सरकार गरीब की आवश्यकताओं को भली भांति समझती है तथा हर गरीब को अपनी पक्की छत देने के लिए दिन-रात काम कर रही है,उसी का परिणाम है जो आज इतनी बड़ी संख्या में ये घर रिकॉर्ड समय में बन सके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में पिछले 9 वर्षों में करीब 4 करोड़ से अधिक पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं, इनमें से करीब 70 प्रतिशत घर महिलाओं के नाम पर हैं। 2014 से पहले जो सरकार थी, उसने देश में शहरी आवास योजनाओं के तहत सिर्फ 13 लाख मकान ही मंजूर किए थे और इसमें से भी केवल 8 लाख मकान ही बनाए थे। इससे यह भी साबित होता है कि जब कोई सरकार "अंत्योदय" को अपना ध्येय मानकर कार्य करती है तो परिणाम कितने अलग होते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के आधार पर देश में विकास की एक नई परिभाषा लिखने का कार्य किया है। देश में जिस स्तर पर शोषितों और वंचितों का आज सशक्तिकरण हो रहा है वैसा आज से पहले कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री की प्रेरणा तथा उनके ही मार्गदर्शन में, उत्तराखंड में भी विकास के एक नए युग का सूत्रपात हुआ है। आज प्रदेश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में हर स्तर पर कनेक्टिविटी को सुधारा जा रहा है, उद्योगों के विकास पर बल दिया जा रहा है और भविष्य की आवश्यकताओं को केंद्र में रख कर नीतियां बनाई जा रही हैं। हमारे शहर अब तेजी से आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन रहे हैं और इसी के दृष्टिगत हम निरंतर अपने शहरों को भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी पहले ही 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बता चुके हैं। हमें अब अपनी पूरी क्षमता के साथ उनके इस कथन को सार्थक कर के दिखलाना है। हमें "चरैवेति चरैवेति" के मूल मंत्र को अपना कर, विकास को गति देते हुए सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड के ''विकल्प रहित संकल्प'' को सिद्ध करना है। उन्होंने कहा कि भारत के इस अमृत काल में राज्य के समग्र विकास के संकल्प के लक्ष्य की प्राप्ति में सभी को एक साथ मिलकर सहयोगी बनना होगा।पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ0 रमेश पोखरियाल 'निशक' ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत बने इन आवासों का निर्माण रिकार्ड समय में पूर्ण किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयास से वर्ष 2025 तक उत्तराखण्ड को मॉडल स्टेट बनाया जायेगा। जिलाधिकारी श्री विनय शंकर पाण्डेय ने इस अवसर पर लोकार्पण व शिलान्यास की गयी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर रूड़की विधायक श्री प्रदीप बत्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष हरिद्वार श्री संदीप गोयल, अध्यक्ष रूड़की श्री शोभाराम प्रजापति, पूर्व विधायक ज्वालापुर श्री सुरेश राठौर, भाजपा महामंत्री श्री आशु चौधरी, उपाध्यक्ष श्री तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय सिंह एवं अन्य अधि-कारीगण उपस्थित थे।






# केदारनाथ मंदिर के चबूतरे के पास में लगाया जाएगा पचास टन भारी 'ॐ' का निशान





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 18 मई : केदारनाथ मंदिर में चबूतरे के पास पचास टन का 'ॐ' का निशान लगाया जाएगा। इसका ट्रायल सोमवार को किया गया। लगभग दो सप्ताह में पूरी तरह फिट कर दिया जाएगा। केदारनाथ मंदिर गर्भगृह में सोने की परत चढ़ाई जाने, मंदिर के अंदर कलश व छत्र सोने का लगने के बाद अब धाम में पचास टन भारी ॐ का निशान लगाया जाएगा, इसके लिए कार्य शुरू हो गया है।पचास टन भारी यह निशान ट्रेक्टर के माध्यम से केदारनाथ धाम पहुंचाया गया। इसको एक दर्जन से अधिक टुकड़ों को जोड़कर बनाया गया है। लोक निर्माण विभाग ने सोमवार को इसका ट्रायल किया गया। यह केदारनाथ मंदिर से 200 मीटर दूरी पर चबूतरे में लगाया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसे ताबा व पीतल मिलाकर बनाया गया है, वह जर्मनी से मंगवाया गया है। ॐ का यह निशान भक्तों को आकर्षित करेगा। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग जितेन्द्र झिंक्वाण ने बताया कि ॐ के निशान को लगाने के लिए ट्रायल लिया गया है। जो सफल रहा, अब लगभग दो से तीन सप्ताह में यह निशान लगा दिया जाएगा।

यह काफी आकर्षक है।केदारनाथ आपदा के नौ वर्ष बाद भगवान के शिव आराध्य गुरु ईशानेश्वर को अपना आशियाना मिल सकेगा, अंतिम दौर का कार्य चल रहा है, और इसी महीने कार्य पूरा होने की उम्मीद है। आपदा के बाद से भगवान की मूर्तियों की खुले आसमान के नीचे ही पूजा अर्चना हो रही है। बाबा केदार की पूजा-अर्चना व भोग से पहले ईशानेश्वर महादेव की अराधना कर भोग लगाने की परम्परा है। सुख-समृद्धि और वैभव का प्रतीक भी माना जाता है। केदारनाथ धाम में स्थित ईशानेश्वर मंदिर प्राचीन मंदिर है। विश्व प्रसिद्ध धाम केदारनाथ धाम का मंदिर का निर्माण पाण्डवों ने किया था।

# देहरादून : ओला-उबर में सफर करना होगा सुरक्षित, ड्राइवरों के लिए भी सुविधाएं ?







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 18 मई : ओला, ऊबर जैसी ठेका परमिट गाड़ियों के लिए नियमावली में बदलाव होने जा रहा है। एसटीए बैठक में इस पर मुहर लगी थी, जिसका प्रस्ताव अब वित्त विभाग के पास है। इस पर वित्त मंत्री ने अधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया है। इन बदलावों के लागू होने से सवारियों और ड्राइवरों के लिए कई सुविधाएं हो जाएंगी। दरअसल, केंद्र सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम में जो बदलाव करते हुए ठेका परमिट गाड़ियों की अधिसूचना जारी की थी, उसे राज्य में लागू किया जाना है। पिछले साल नवंबर में हुई एसटीए की बैठक में इस पर मुहर भी लग गई थी। इसका प्रस्ताव परिवहन मुख्यालय से शासन में आने के बाद प्रक्रिया में चल रहा है। वित्त से अनुमोदन के बाद इस संशोधन का प्रस्ताव कैबिनेट में लाया जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, इन बदलावों को लागू करने के बाद जहां ओला, ऊबर में यात्रा करने वालों को सुविधाएं बढ़ जाएंगी तो वहीं ड्राइवरों को भी लाभ होगा। एक कार में पूलिंग की सुविधा उन्हीं ग्राहकों को दी जा सकेगी, जिनकी केवाईसी डिटेल कंपनी के पास उपलब्ध होगी। महिला सुरक्षा के मद्देनजर पूलिंग के दौरान अब महिलाओं को सिर्फ महिलाओं के साथ ही पूलिंग का विकल्प दिया जाएगा। ड्राइवर को 80 प्रतिशत किराया मिलेगा, जबकि कंपनियों के पास 20 प्रतिशत ही किराया जाएगा।कैंसिलेशन फीस को कुल किराए का 10 प्रतिशत किया गया है, जो राइडर और ड्राइवर दोनों के लिए 100 रुपये से अधिक नहीं होगा। कंपनी को यह सुनिश्चित करना होगा कि हर ड्राइवर को कम से कम पांच लाख रुपये का हेल्थ बीमा उपलब्ध हो, जो हर साल पांच प्रतिशत की दर से बढ़ाया जाए। हर ड्राइवर को 10 लाख का टर्म इंश्योरेंस देने का भी प्रावधान किया जा रहा है। कंपनियों को साल में दो बार ड्राइवर के लिए ट्रेनिंग कोर्स कराना होगा। कंपनी के साथ जुड़ने वाले हर नए ड्राइवर को पांच दिन की अनिवार्य ट्रेनिंग देनी होगी। ताकि वह सवारियों को सुरक्षित सफर करा सकें।

# बदलेगा मौसम : पहाड़ से मैदान तक दो दिन बारिश का येलो अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 18 मई : उत्तराखंड में दिन की शुरुआत चटख धूप के साथ हुई। लेकिन मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिन मौसम बदलेगा। विभाग ने पहाड़ में गर्जना के साथ बिजली चमकने और हवाओं के साथ हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, मैदानी इलाकों में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 18 मई को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली के कुछ स्थानों में हल्की बारिश हो सकती है। जबकि, मैदान के कुछ इलाकों में भी हल्की बारिश का अनुमान है।

इसके अलावा गर्जना के साथ बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने से जान-माल को हानि होने की भी संभावना जताई गई है। 18 मई को भी कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावनाएं हैं।

मौसम विभाग ने लोगों को गर्जना के दौरान बिजली से संचालन उपकरणों से दूर रहने और कटी फसल को सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी है , मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने उत्तराखंड चारधाम आने वाले तीर्थयात्रियों को सुझाव देते हुए कहा कि यात्रा पर आने से पहले मौसम की सटीक जानकारी लें। केंद्र की आधिकारिक वेबसाइट पर मौसम की जानकारी प्रत्येक दिन साझा की जा रही है।



# यमुना-मसूरी पेयजल पंपिंग योजना के सफल ट्रायल से बुझेगी मसूरीवासियों की प्यास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी आज मसूरी पहुंचे, जहां भाजपा मसूरी मंडल और मसूरी होटल एसोसिएशन द्वारा यमुना-मसूरी पेयजल पंपिंग योजना के सफल ट्रायल पर आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मसूरी पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मसूरी व्यापार मंडल होटल एसोसिएशन भाजपा महिला मोर्चा द्वारा गांधी चौक पर ढोल नगाड़ो और आतिशबाजी कर स्वागत किया गया।

इस अवसर मसूरी की जनता ने यमुना मसूरी पेयजल पंपिंग योजना के सफल परीक्षण बाद मसूरी वासियों को अगले 30 वर्षों तक पानी की किल्लत से निजात दिलाने के लिए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का आभार प्रकट किया।मंत्री ने बताया कि जून 2018 में एक कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने पेयजल योजना निर्माण की घोषणा की थी, जिसकी स्वीकृति के बाद मार्च 2019 में पहली किश्त रुपये 10 करोड़ पेयजल विभाग को मिल गए थे।केन्द्र सरकार की 144 करोड़ लागत से निर्मित महत्वाकांक्षी यमुना-मसूरी पेयजल पंपिंग योजना जिसकी पाइपलाइन 18 किमी यमुना से ऊंचाई 1.2 किमी की परियोजना के सफल ट्रायल पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी वासियों को बधाई एवं शुभ-कामनाएं दी। उन्होंने कहा इस योजना के माध्यम से नब्बे हज़ार से अधिक की आबादी लाभान्वित होगी और अगले 30 वर्षो तक मसूरी वासियों की पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। इस महत्वपूर्ण योजना के लिए मंत्री गणेश जोशी ने केंद्र सरकार और राज्य सभा सांसद अनिल बलूनी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से मसूरी की पानी की समस्या का निदान हुआ है। मंत्री ने कहा कि शीघ्र ही मसूरी में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा टनल का शुभारंभ किया जाएगा, जिसके बनने के बाद मसूरी वासियों को जाम से निजात मिलेगी। मंत्री ने कहा धामी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के नारे के साथ निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर मंत्री ने सभी मसूरी वासियों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि यह डबल इंजन की सरकार होने का ही



परिणाम है कि मसूरी के लिए इतनी बड़ी योजना स्वीकृत हुई और अब अगले 15 इन बाद इसका पानी भी मसूरीवासियो को मिलेगा।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, मोहन पेटवाल, गीता कुमाई, कुशाल राणा, सतीश डोढ़ियाल, धरमपाल पवाँर, पुष्पा पड़ियार, मुकेश धनाई, रजत अग्रवाल, जगजीत कुकरेजा सहित सैकडो बीजेपी कार्यकर्ता व होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# "हेमकुंड साहिब" यात्रा मार्ग के संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेगी एसडीआरएफ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट। वर्तमान समय में उत्तराखंड राज्य में चारधाम यात्रा चल रही है। श्रीकेदारनाथ, श्री बद्रीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन किये जा रहे है। चारधाम आने वाले श्रद्धालुओं की सहज, सुगम व सुरक्षित यात्रा हेतु एसडीआरएफ की टीमें अनेक संवेद-नशील स्थानों पर तैनात है।

एसडीआरएफ टीमों द्वारा बुजुर्गों, महिलाओं, असहायों व बच्चों को दर्शन में सहयोग किये जाने के साथ ही अस्वस्थ अथवा किसी कारण चोटिल होने वाले श्रद्धालुओं का प्राथमिक उपचार भी किया जा रहा है। आगामी 20 मई से जनपद चमोली में स्थित सिक्खों के पवित्र धाम श्री हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने से यात्रा आरम्भ हो जाएगी।



इस यात्रा में भी देश भर से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन करने यहां आते है साथ ही प्रसिद्ध फूलों की घाटी भी इसी क्षेत्र में होने से पर्यटकों का आवागमन भी अत्यधिक रहता है। उच्च तुंगता क्षेत्र व खड़ी चढ़ाई होने के कारण श्रद्धालुओं को यहां पैदल पहुचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।एसडीआरएफ जवानों द्वारा श्री हेमकुण्ड साहिब के कपाट खुलने से पूर्व गोविन्दघाट से श्री हेमकुण्ड साहिब तक 18 किलोमीटर पैदल चलकर सम्पूर्ण यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। श्री हेमकुंड साहिब यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की सुरक्षा के दृष्टिगत एसडीआरएफ को 02 महत्वपूर्ण स्थानों भ्यूंडार व घांघरिया में व्यवस्थापित किया गया है। विगत वर्षों में भी एसडीआरएफ द्वारा यात्रा के दौरान संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहकर सुरक्षित यात्रा में सहयोग किया गया था व साथ ही अनेक रेस्क्यू कार्यो से कई श्रद्धालुओं का जीवन सुरक्षित किया था।

# धूमधाम से मनाया मछ मौण मेला

विकासनगर। आठ साल बाद खत बाणाधार ने दारागाड़ खड्डु मे मछ मौण (मछली) मेला धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने मेले को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ हारूल तांदी के गीतों पर नृत्य कर समां बांध दिया। दारागाड़ खड्डु में परम्परा के अनुसार निमगा के रावत, खत लखौ किस्तूड़, सारनी, डूंगरी, खत शिलगाव, हरटाड, छजाड़ खत, फनार खत, बाणाधार के बाणा, डिमीच, खत बाबर के टियूटाड़ व कांडा गांव के ग्रामीण बारी-बारी से टिमरू पीसकर खड्डु डालकर मच्छी मारते हैं। इस बार मछ मौण का आयोजन खत बाणाधार के बाणा गांव ने किया। बाणाधार खत के सदर स्याणा कुंवर सिंह ने बताया कि मछ मौण लगभग आठ साल बाद मनाया जा रहा। आयोजनकर्ता की तरफ से अन्य खत गांवों के स्याणों को मौण के लिए आमंत्रित किया गया। जिसमें निमगा, किस्तूड़, सारनी, केराड़, शूनीर, काण्डा, ट्यूटाड़, डिमीच, भंदरौली, चाजोई, सावड़ा, डूंगरी, पेनूवा, सुनोई, चिल्हाड़, शिलावड़ा आदि गांवों के लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया।

दारागाड़ पुल के नीचे ऊपर दो जगह से टिमरू पाउडर डाला गया। आयोजनकर्ता खत बाणाधार की तरफ से निमगा के रावतों को सबसे पहले सम्मानित करते हुए टिमरू का टीका लगाया गया। उसके बाद किस्तूड़ के स्याणा काण्डा, टियूटाड, डिमीच, भंदरौली, डूंगरी के स्याणों को सम्मानित करते हुए टिमरू का टीका लगाया गया। इस परम्परा को निभाने के बाद ही खड्डु पानी मे लगभग दस-बारह मण टिमरू का पाउडर मछली मारने के लिए डाला गया। काफी समय बाद मछ मौण का आयोजन होने पर लोगों में खुशी का माहौल रहा।

इस अवसर पर लोगों ने लोक गीत हारूल तांदी के गीतों पर लोग थिरकते रहे। इस अवसर पर स्याणा कुंवर सिंह, लछीराम, बलबीर, कर्म चंद, कृपाल सिंह, जयपाल, जगत सिंह रावत, प्रताप सिंह रावत, जहवार सिंह रावत, टीकम सिंह रावत, पीताम्बर बिजल्वाण, महेन्द्र सिंह, जयपाल चौहान, जगत सिंह राणा, दौलतराम चौहान, महाबीर सिंह चौहान, रणबीर, कलम सिह, चन्द्र सिंह, यशपाल, कृपाल नेगी, जीत सिंह आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र परिषद सेक्रेटरी का पद पर शौर्य कुमार को सौंपा

विकासनगर। सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर में पदारोहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्र परिषद सेक्रेटरी, कल्चरल सेक्रेटरी, हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड ब्वॉय, वाइस हेड गर्ल, जूनियर हेड ब्वॉय, जूनियर हेड गर्ल, स्कूल खेल कप्तान बालक और बालिका वर्ग, स्कूल खेल उपकप्तान बालक और बालिका वर्ग, डिसिप्लिन इंचार्ज बालक और बालिका वर्ग तथा चारों सदनों से संबंधित कार्यकारिणी पदों को चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ भाष्कर लाल शाह, एसएसआई भुवनचंद्र पुजारी, ने दीप जलाकर किया। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया। पदारोहण समारोह में छात्र परिषद सेक्रेटरी के पद पर शौर्य कुमार, कल्चरल सेक्रेटरी रिजुल जग्गी, विद्यालय हेड ब्वॉय कार्तिक सैनी, विद्यालय हेड गर्ल दीक्षा सरोय, वाइस हेड ब्वॉय केशव गोयल, वाइस हेड गर्ल स्नेहा, जूनियर हेड ब्वॉय विदित मैठाणी, जूनियर हेड गर्ल निमृत, खेल कप्तान बालक वर्ग में अनिमेष डोगरा, खेल कप्तान बालिका वर्ग में अनुष्का पाल, खेल उपकप्तान बालक वर्ग में प्रियांशु बिष्ट, खेल उपकप्तान बालिका वर्ग में सेजल राणा तथा डिसिप्लिन इंचार्ज बालक वर्ग में इश्मीत सिंह तथा बालिका वर्ग में साक्षी पंडित को कार्यभार सौंपा गया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा भी पदभार ग्रहण किए गए जिसमें जूनियर अंडर ऑफिसर के लिए अभिनव गुप्ता, अंडर ऑफिसर बालिका वर्ग में श्रुति,अंडर ऑफिसर बालक वर्ग में ओजस कौशल को पदभार सौंपा गया। चारों सदन चाणक्य हाउस, प्रताप हाउस, शिवाजी हाउस तथा अशोका हाउस के इंचार्ज के सुशांत गोदियाल, रवीना नौटियाल, बीना शर्मा, नगमा, मिशिका, रीना जोशी, ग्यासुद्दीन तथा सृष्टि सेमवाल ने कार्यभार संभाला। चारों सदनों के कप्तान के रूप में प्रिया त्यागी, कशिश कहलिया, ज्योति सरकार, प्रणव धीमान और सदनों के उपकप्तान के रूप में प्रभात, अंजलि छेत्री, अंशिका परमार तथा रितिका सैनी को कार्यभार सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, विद्यालय प्रबंधक रवि कांत सपरा, रशिता सपरा, प्रधानाचार्या रश्मि गोयल तथा उप प्रधानाचार्या गीता नेगी , उमा पुंडीर, आशा गुसाई, नेहा कोठारी सहित समस्त शिक्षक गणों द्वारा बच्चों को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी गईं ।

### सीएचसी चकराता में लगी नई डिजिटल एक्स-रे मशीन

विकासनगर। स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता के बरामदे में दो साल से धूल फांक रही आठ लाख की एक्स-रे मशीन लगा दी है। एक दो दिन में मशीन से एक्स-रे होने लगेंगे। सीएचसी चकराता में पुरानी एक्सरे मशीन लगी हुई थी जिससे एक्स-रे साफ नहीं आते थे। जनता की मांग पर सरकार द्वारा चकराता अस्पताल में आधुनिक डिजिटल एक्स-रे मशीन तो भेज दी थी, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी मशीन नहीं लग पाई थी। अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि बिजली फिटिंग और अर्थिंग के कार्य न होने से मशीन नहीं लग पा रही है। इस संबंध में खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारी जागे और अस्पताल में मशीन स्थापित कर दी गई है। डिप्टी सीएमओ डॉ. दिनेश चौहान ने बताया कि अस्पताल में मशीन स्थापित करा दी गई है। इसी सप्ताह से अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे की सुविधा शुरू हो जाएगी।

### अभिभावकों ने शिक्षिका पर लगाया बच्चों को बेरहमी से पीटने का आरोप

विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका पर बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए अभिभावकों ने पुलिस चौकी में तहरीर दी है। अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षिका द्वारा किए जा रहे शारीरिक उत्पीडऩ से भयभीत बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। पुलिस को दी तहरीर में अभिभावकों ने आरोप लगाया कि शिमला बाईपास क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में तैनात शिक्षिका लंबे समय से बच्चों का शारीरिक तौर पर उत्पीडऩ कर रही है। शिक्षिका बेवजह बच्चों के साथ मारपीट करती है। अभिभावकों के साथ ही अभद्रता से पेश आती है। बताया कि मारपीट की डर से दो बच्चों ने स्कूल जाना ही बंद कर दिया तो अभिभावक कारण जानने स्कूल पहुंचे। जहां शिक्षिका ने अभिभावकों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। बताया कि शिक्षिका द्वारा बच्चों को बेरहमी से मारने का सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। इसकी शिकायत शिक्षा विभाग के अधिकारियों के पास की गई, बावजूद इसके बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट का सिलसिला जारी है।






## वन मुख्यालय में उत्तराखंड वन विभाग के हॉफ अनूप मलिक और महानिदेशक वन,भारत सरकार सी.पी. गोयल ने कैम्पा, वन्य जीवन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों और भारत सरकार के पास लंबित अन्य नीतिगत मुद्दों के बारे में विस्तृत चर्चा की इस दौरान सीईओ राष्ट्रीय कैम्पा प्राधिकरण सुभाष चंद्रा भी मौजूद रहे।

# Health Tips : खाने के तुरंत बाद भूलकर भी न करें ये काम





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 18 मई : खाने के बाद कुछ लोग सोना पसंद करते हैं, तो वहीं कुछ लोग धूम्रपान करना पसंद करते हैं। कई लोग तो ऐसे होते हैं, जो खाने के तुरंत बाद चाय भी पीते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, ये आदतें सेहत को कैसे प्रभावित करती हैं। जी हां, लंच या डिनर करने के ठीक बाद आपको कुछ चीज़ों को करने से बचना चाहिए। तो आइए जानते हैं, खाने के तुरंत बाद क्या नहीं करना चाहिए? लंच या डिनर करने के बाद झपकी लेना बहुत ही सुखद अहसास होता है। लेकिन यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसा करने से पाचन तंत्र प्रभावित होता है। दरअसल, खाना पचने में देरी हो सकती है। इसलिए खाने के तुरंत बाद सोने से परहेज करें।सिगरेट पीना एक बुरी लत है, जिससे आप कई खतरनाक बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। अगर आप भोजन के तुरंत बाद धूम्रपान करना पसंद करते हैं, तो यह आपके लिए ज्यादा हानिकारक हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार खाने के बाद धूम्रपान करना 10 सिगरेट पीने के बराबर है। जिससे खतरा काफी बढ़ जाता है हेवी खाना खाने के बाद कभी न नहाएं, क्योंकि इससे खाना देरी से पचता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि नहाने के दौरान शरीर के चारों ओर रक्त प्रवाह बढ़ जाता है और पाचन तंत्र में दिक्कत हो सकती है। बेशक, फल सेहतमंद होते हैं, लेकिन खाने के तुरंत बाद इनका सेवन करना आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। फल खाने का सबसे अच्छा समय खाने के 2 घंटे पहले या बाद में होता है, इससे मेटाबॉलिज्म को बेहतर होता है।चाय में कैफीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। अगर आप खाने के ठीक बाद चाय पीते हैं, तो इससे भोजन को पचाना मुश्किल हो जाता है। कई लोग, खाने के ठीक बाद चाय पीना पसंद करते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से एक हैं, तो आपको अपच की परेशानी हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना हेल्थ के लिए ज़रूरी है। लेकिन खाने के तुरंत बाद ज्यादा पानी पीना आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। इससे अपच या एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

## पिथौरागढ सहित जनपद के कई हिस्सों में बारिश,ओलावृष्टि

पिथौरागढ़। जिले के कई हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ है। मानसरोवर यात्रा मार्ग में भी कई जगह हिमपात हुआ है। सीमांत जनपद में बारिश और ओलावृष्टि के बाद ठंड का असर तेज हो गया है। मंगलवार को जिला मुख्यालय में सुबह से मौसम साफ रहा कई जगह हल्के बाद छाए रहे। बाद में बादलों से आसमान के घिर जाने के बाद गरज चमक के साथ जिला मुख्यालय में बारिश व ओलावृष्टि हुई। इस दौरान कुछ देर के लिए जन जीवन भी प्रभावित रहा। मुनस्यारी में भी बारिश के कारण लोग परेशान रहे। उच्च हिमालयी क्षेत्र राजरजंभा, नामिक, मिलम के साथ गुंजी, फिलम और उससे लगे इलकों में बर्फबारी हुई है। मुनस्यारी में मौसम के रंग बदलने से पर्यटकों को भी परेशानी हुई। मदकोट,धारचूला, अस्कोट, नाचनी, गंगोलीहाट, बेरीनाग आदि क्षेत्र में फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। धूरातोली ग्राम पंचायत में ओलावृष्टि व बिजली गरजने से पांच बकरियों की मौत हो गई। प्रशासन का कहना है कि आपदा के नुकसान का आकलन कर जरूरी कार्यवाही की जाएगी। झूलाघाट में आधे दिन बाद हल्की बूंदा बादी हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### जी-20 डेलिगेस्ट के लिए बेहद पुख्ता होगी परमार्थ निकेतन की सुरक्षा

देहरादून। मुनिकीरेती में प्रस्तावित जी-20 समिट के लिए पुलिस पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम करेगी। खासकर परमार्थ निकेतन में जी-20 डेलिगेस्ट की ओर से की जाने वाली गंगा आरती के लिए एसडीआरएफ, जल पुलिस व फायर कर्मियों को सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ घाटों पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को डीजीपी अशोक कुमार ने सुरक्षा बैठक ली। डीजीपी ने कहा कि सुरक्षा के साथ ही यातायात के लिए पुख्ता इंतजाम रखे जाएं, ताकि कहीं जाम की समस्या पैदा ना हो। उन्होंने यातायात प्रबंधन के लिए अतिरिक्त फोर्स लगाने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में एडीजी डा. वी मुरूगेशन, एपी अंशुमन, आईजी गढ़वाल केएस नगन्याल, डीआईजी देहरादून दिलीप कुंवर, एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे, एसएसपी टिहरी नवनीत भुल्लर आदि मौजूद रहे।

### गंगा में जल्द शुरू हो सकता है खनन, प्रस्ताव तैयार

देहरादून। गंगा में बंद पड़ा खनन जल्द शुरू हो सकता है। इसके लिए अब केंद्र से पर्यावरणीय सहमति की जरूरत नहीं पड़ेगी। केंद्रीय वन मंत्रालय ने इन्वायरमेंटल क्लियरेंस (पर्यावरणीय सहमति) का अधिकार स्टेट इन्वायरमेंट इंपेक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी यानी सिया को दे दिया है। इसके बाद वन निगम ने खनन की अनुमति का प्रस्ताव भी सिया में भेज दिया है। अगले सप्ताह वन निगम व सिया के अधिकारी गंगा के खनन क्षेत्रों का निरीक्षण कर कार्रवाई को आगे बढ़ाएंगे। अब तक किसी भी नदी में या सौ हेक्टेयर से ज्यादा के क्षेत्र में खनन या अन्य पर्यावरणीय गतिविधियों के लिए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से क्लियरेंस लेनी पड़ती थी। जिस कारण काफी समय लग जाता था। पिछले दिनों भी गौला, कोसी, दाबका और शारदा आदि में खनन की पर्यावरणीय सहमति खत्म होने के कारण इसे दोबारा लेने में राज्य को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अधिकारियों के साथ ही सीएम पुष्कर सिंह धामी और वन निगम अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी को भी दिल्ली के काफी चक्कत काटने पड़े। इसके बाद भी केवल अभी पांच साल के लिए ही खनन की सहमति मिल पायी, लेकिन अब खनन की सहमति के लिए राज्य को दिल्ली के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके लिए केंद्र ने सिया को ही सौ हेक्टेयर से ऊपर की भी पर्यावरणीय क्लियरेंस का अधिकार दे दिया। अब वन निगम ने 2022 से बंद पड़े गंगा के खनन को चालू करने के लिए सिया में प्रस्ताव भेज दिया है। इस पर सिया को हाईकोर्ट के निर्देश पर बनाई गई स्वतंत्र कमेटी की सिफारिश के बाद फैसला लेना है।

### लोकसभा और निकाय चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी


देहरादून। आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी और पंजाब के विधायक बरिंदर कुमार गोयल ने कहा है कि पार्टी जल्द ही उत्तराखंड में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति करते हुए नए सिरे से संगठन खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी लोकसभा के साथ ही निकाय चुनाव भी लड़ेगी। उत्तराखंड की जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार उत्तराखंड पहुंचे प्रभारी बरिंदर कुमार गोयल और सह प्रभारी दिल्ली के विधायक रोहित मेहरोलिया ने प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल का मॉडल लेकर पार्टी चुनाव में जाएगी। दिल्ली और पंबाज सरकार के शानदार काम जनता के सामने रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी नए सिरे से संगठन खड़ा किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश समन्वयक जोत सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, डॉ. आरपी रतूड़ी, प्रवक्ता रविंद्र आनंद, कमलेश रमन उपस्थित रहे।

# मैक्स अस्पताल, देहरादून ने रोबोटिक सर्जरी पर सीएमई का आयोजन किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 18 मई 2023 : प्रमुख स्वास्थ्य सेवा प्रदाता मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, देहरादून ने आज देहरादून और आसपास के शहरों से आये 130 से अधिक प्रसिद्ध डॉक्टरों की उपस्थिति में 'रोबोटिक सर्जरी' पर एक सीएमई का आयोजन किया। मैक्स अस्पताल, देहरादून द्वारा आयोजित सीएमई ( कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) जिसमें मैक्स अस्पताल के रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञों ने एक पैनल चर्चा जिसमें डॉ. जी.पी पेन्युली- डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ जनरल सर्जरी एंड रोबोटिक्स, डॉ. लूना पंत- निदेशक - प्रसूति एवं स्त्री रोग, डॉ विशाल एन कुलश्रेष्ठ-प्रिंसिपल कंसल्टेन्ट - बेरिएट्रिक सर्जरी विभाग, डॉ. ज्योति रैना-प्रिंसिपल कंसल्टेन्ट - प्रसूति एवं स्त्री रोग, रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, स्त्री रोग ऑन्कोलॉजी, डॉ दीपक गर्ग- सीनियर कंसल्टेन्ट, यूरोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट, यूरो-ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जरी, डॉ मयंक नौटियाल- कंसल्टेन्ट और एचओडी गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल सर्जरी और डॉ संदीप सिंह तंवर- सीनियर वाइस प्रेसिडेंट - ऑपरेशंस और यूनिट हेड मैक्स अस्पताल देहरादून ने प्रतिभाग किया।

मैक्स अस्पताल ने हाल ही में दा विंची एक्स सर्जिकल रोबोट लॉन्च किया जो भारत में सबसे उन्नत तकनीकों में से एक है। इसके लॉन्च के बाद से, अस्पताल के सर्जनों की टीमों ने हर्निया, हिस्टेरेक्टॉमी, ओवेरियन सिस्टेक्टॉमी, नेक डिसेक्शन, नेफरेक्टोमी और पाइलोप्लास्टी के लिए रोबोटिक सर्जरी की है पैनल चर्चा के दौरान बोलते हुए, डॉ. जी.पी. पेन्युली ने कहा, "रोबोटिक सर्जरी सभी विशिष्टताओं में अधिक सटीक हैं क्योंकि वे न्यूनतम इनवेसिव, न्यूनतम रक्त हानि और तेजी से रिकवरी का लाभ प्रदान करती हैं।




डॉ. लूना पंत और डॉ. दीपक गर्ग ने कहाः "आज रोबोटिक्स मिनिमली इनवेसिव सर्जरी में गोल्ड स्टैण्डर्ड है। भारतीय सर्जन अब इस तकनीक को अपनाने में बड़े पैमाने पर रुचि दिखा रहे हैं क्योंकि रोबोट-असिस्टेड सर्जरी उन्हें नियंत्रण पाने, बेहतर दृश्यता तक पहुंचने और बेहतर क्लीनिकल परिणाम प्राप्त करने में मदद करती है। पारंपरिक सर्जरी की तुलना में लाभ होने के कारण मरीज भी अब रोबोट असिस्टेड सर्जरी का करवा रहे हैं।" डॉ विशाल एन कुलश्रेष्ठ और डॉ मयंक नौटियाल ने कहाः दा विंची एक्स रोबोट डॉक्टरों को तेज सटीकता और लचीलेपन के साथ जटिल सर्जरी करने में अधिक सक्षम बनाता है। इस उन्नत तकनीक के साथ सर्जन उन उपकरणों का उपयोग करके न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी कर सकते हैं जिन्हें वे एक कंसोल के माध्यम से निर्देशित कर सकते हैं।

रोबोट असिस्टेड सर्जरी के फायदों के बारे में विस्तार से बताते हुए, डॉ संदीप सिंह तंवर- सीनियर वाइस प्रेसिडेंट - ऑपरेशंस और यूनिट हेड ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी से सर्जनों को इस तकनीक से सटीक और बढ़े हुए आवर्धन के साथ मुश्किल से पहुंचने वाले क्षेत्रों तक पहुंचने की आसानी होती है। रोबोटिक सर्जरी में, बड़े चीरों के बजाय छोटे चीरे लगाए जाते हैं, इसलिए कम खून बहता है और मरीज को अस्पताल में कम समय के लिए रहना पड़ता है और तेजी से रिकवरी भी होती है। मैक्स अस्पताल, देहरादून में चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम है, जो दा विंची एक्स रोबोट के साथ सर्जरी करने के लिए सात अलग-अलग विशेषताओं के तहत प्रमाणित और प्रशिक्षित हैं। 40 से अधिक प्रमुख डॉक्टरों और 200 से अधिक प्रशिक्षित नर्सों के साथ मैक्स अस्पताल, देहरादून परिवार का प्रत्येक व्यक्ति उच्चतम स्तर की चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राष्ट्रव्यापी महा जनसंपर्क अभियान के लिए भाजपा ने की प्रदेश स्तरीय समिति गठित, 30 मई से 30 जून तक चलेगा कार्यक्रम : मनवीर चौहान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट। भाजपा ने राष्ट्रव्यापी महा जनसंपर्क अभियान के समन्वय के लिए प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया है ।प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देशों पर प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी के संयोजन में बनाई गई इस समिति में कुल 9 प्रदेश पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है ।जिसमें सह संयोजक के रूप में प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, सदस्य के रूप में प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नवीन ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र वालिया, मनोज गर्ग, नीरज पांथरी, प्रदेश अनुशासन समिति अध्यक्ष दीपक मेहरा को जिम्मेदारी दी गयी है ।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मई से 30 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम के समन्वय के लिए राष्ट्रीय समिति और राज्य समिति के बाद शीघ्र ही जिले स्तर पर 6 सदस्यीय एवं मंडल स्तर पर 4 सदस्यीय समिति का गठन भी किया जाएगा । जिसका प्रमुख कार्य है पूरे अभियान का समन्वय करना, चाहे वह सभी लोकसभा के 1 लाख विशिष्ट परिवारों (प्रति परिवार 250) और उनसे संपर्क करने वाले पार्टी जनों की सूची बनाना हो, मंडल एवं जिला स्तर की कार्य समितियों का आयोजन , प्रदेश एवं लोक सभा के प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होना , अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करना हो तथा मीडिया से संवाद स्थापित करना है ।चौहान ने बताया कि मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सभी लोक सभा क्षेत्रों मे प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी महा जनसंपर्क अभियान में भाजपा अपने 16 लाख कार्यकर्ताओं के माध्यम से करोड़ों लोगों से संवाद स्थापित करने जा रही है । तीन चरणों मे होने वाले इस



कार्यक्रम का अंतिम स्वरूप निर्धारित हो गया है, जिसकी शुरुआत मोदी जी की विशाल लांच रैली के साथ होगी । इसके बाद बड़ी जनसभाएं, पत्रकार वार्ता एवं प्रबुद्ध समाज, विभिन्न सामाजिक वर्गों एवं लाभार्थियों के सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा ।

चौहान ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धि जन-जन तक पहुँचाना है। तीन चरणों मे होने वाले इस अभियान के पहले चरण में संचालन हेतु टीमें और कार्य समितियों का गठन किया जा रहा है। जिसके तहत राष्ट्रीय कार्यसमिति के साथ 16 मई से 23 मई के दौरान अभियान के समन्वय के लिए प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तरीय कार्य समिति का गठन किया जा रहा है । इसके द्वितीय चरण में अभियान की शुरुआत पूर्व के अभियान की गतिविधियों और प्रधानमंत्री मोदी की विशाल रैली के साथ होगी । इसके अतिरिक्त इस चरण में प्रत्येक लोकसभा के 250 प्रभावशाली लोगों से वरिष्ठ नेता संपर्क करेंगे। जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समिति द्वारा पत्रकार वार्ता, केंद्रीय नेताओं, मुख्यमंत्री व अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में विशाल रैलियां का आयोजन होगा । इसी तरह प्रबुद्धजन सम्मेलन, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसेस मीट, व्यापारी वर्ग सम्मेलन, विकास तीर्थ भ्रमण, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ परिचर्चा, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन, योग दिवस 21 जून को लोकसभा स्तर पर बड़ा कार्यक्रम को भी इस चरण में क्रियान्वित किया जाएगा । अभियान के तीसरे चरण में घर घर जनसंपर्क अभियान के तहत 20 से 30 जून के मध्य राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के नेता बूथ स्तर पर घर घर संपर्क कर अभियान के फोन नंबर पर मिस्ड कॉल करवाएंगे ।

इस दौरान समूचा संगठन कार्यक्रम में सहयोग करते हुए केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को जनता के बीच विभिन्न माध्यमों से प्रसारित करेगा । इस दौरान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री मोदी डिजिटल माध्यम से 10 लाख बूथों पर एक साथ संवाद करेंगे । इसके अतिरिक्त 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम मनाने के साथ कार्यक्रम स्थल पर 9 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा । 25 जून को मन की बात कार्यक्रम का बूथ स्तर पर आयोजन करना व शाम को प्रबुद्ध सम्मेलन के माध्यम से आपातकाल पर डाक्यूमेंट्री को साथ में देखा जाएगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### साढ़े सात किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून। साढ़े सात किलो गांजा के साथ दो आरोपी रायपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। कार्रवाई सपेरा बस्ती में की गई। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि सपेरा बस्ती में अवैध तरीके से गांजा बेचने जाने की सूचना मिली। सूचना पर टीम बनाकर दबिश दी गई। वहां पुलिस पहुंची तो हडकंप मच गया। पुलिस ने मौके से विजय नाथ और उसकी पत्नी विनीता नाथ को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे सात किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा की कीमत करीब दो लाख रुपये पुलिस ने बताई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बाहरी राज्यों से अवैध तरीके से गांजा लाकर उसे महंगे दामों पर बेचते हैं।

### दून निवासी ले. कर्नल घर में मृत मिले

देहरादून। छुट्टी पर घर आए दून निवासी ले. कर्नल घर में मृत मिले। बुधवार शाम शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। क्लेमनटाउन थानाध्यक्ष शिशुपाल राणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल से सूचना मिली कि ले. कर्नल आनंद सिद्धार्थ कौरा (50) निवासी टर्नर रोड को उपचार को लिए अस्पताल लाया गया। उनकी पहले से मौत हो चुकी थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता लगा कि वह हाल में छुट्टी पर घर आए हुए थे। वह शुगर के मरीज थे। उपचार के लिए इंसुलिन भी लेते थे। पत्नी की पहले मौत हो चुकी है। घर में वह माता पिता के साथ थे। माता पिता ने ही उन्हें कमरे में बिस्तर पर अचेत देखा। उनका बुधवार शाम पोस्टमार्टम हुआ तो सेना के जवान भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग पंजाब में थी।


### कुवैत की यूनिवर्सिटी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रोफेसर को ठग लिया

देहरादून। कुवैत की यूनिवर्सिटी में नौकरी के झांसे में दून की यूनिवर्सिटी का प्रोफेसर ठगी का शिकार हो गया। गुरुग्राम की एचआर फर्म ने झांसा देकर रकम ठगी। रजिस्ट्रेशन, वीजा सिक्योरिटी, रेजिडेंस सिक्योरिटी आदि के नाम पर अलग-अलग खातों में 1.23 लाख रुपये जमा करा लिए गए। इसके बाद और रकम भी मांगी गई। तहरीर पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि डॉ. कुंदन कुमार चौबे ने तहरीर दी। वह उत्तरांचल यूनिवर्सिटी में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर तैनात थे। उन्होंने तीन अप्रैल 2023 को जॉब छोडने के लिए यूनिवर्सिटी को नोटिस दिया था। उन्हें 29 अप्रैल को यूनिवर्सिटी ने रिलीव कर दिया। वह नौकरी तलाश रहे थे। उनके दोस्त ने एक जॉब अलर्ट उनकी ई-मेल पर भेजा। यह ई-मेल शाइन डॉट कॉम की ओर से आया हुआ था। इसी तरह का ई-मेल उन्हें भी आया था। इसमें लिखा था कि कुवैत यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर की भर्ती की जा रही है। इस प्रोजेक्ट के बाद ई-मेल में आए नंबर पर उन्होंने कॉल किया। बात हुई सामने से बोले व्यक्ति ने खुद को जेट कर्व हायरिंग का कंस्लटेंट गौरव शर्मा बताया। गौरव शर्मा ने उनसे शुरुआत में रजिस्ट्रेशन के रूप में एक हजार रुपये कंपनी के खाते में जमा कराए। इसके बाद 18 अप्रैल को उनके पास फोन आया कि उनका असिस्टेंट प्रोफेसर पर पर चयन हुआ है। अब उन्हें और भी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। गौरव शर्मा से लगातार बात हो रही थी। 20 अप्रैल की सुबह कुवैत के एक नंबर से फोन आया और उसने टेलीफोन पर उनका इंटरव्यू भी ले लिया। चौबे बेहद खुश थे कि अब उनका सलेक्शन कुवैत यूनिवर्सिटी में हो जाएगा। इसके बाद गौरव शर्मा का फोन आया और कहा कि वीजा सिक्योरिटी व रेजिडेंट सिक्योरिटी के लिए और रुपये जमा करने होंगे।

# जी-20 समिट की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , ब्यूरो रिपोर्ट। आगामी 24 से 28 मई 2023 तक मुनिकीरेती में प्रस्तावित जी-20 समिट की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित तैयारियों को लेकर दिनांक 17 मई, 2023 को अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।अशोक कुमार ने जी-20 समिट की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर केंद्रीय अधिकारियों से विचार-विमर्श कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु लिए गए निर्णयों को अंतिम रूप देते हुए फुलप्रूफ व्यवस्था रखने के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने परमार्थ निकेतन में होने वाली गंगा आरती कार्यक्रम में एसडी0आर0एफ, जल पुलिस व फायर कर्मियों को सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ घाटों पर तैनात करने एवं यातायात प्रबन्धन हेतु मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल नियुक्त करने हेतु भी निर्देशित किया ।बैठक में जी-20 समिट सचिवालय के अधिकारीगण, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था- डॉ0 वी0 मुरूगेशन, अपर पुलिस महानिदेशक, अभिसूचना एवं सुरक्षा- श्री ए0पी0 अंशुमान, पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र- श्री करन सिंह नगन्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून, टिहरी गढ़वाल व पौड़ी गढ़वाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।




# ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत चमोली पुलिस ने 3 बच्चों का कराया स्कूल में दाखिला

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


चमोली पुलिस 18 मई : पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अशोक कुमार (IPS) के निर्देश पर ₹ऑपरेशन मुक्ति₹ भिक्षा नहीं, शिक्षा दें के तहत उत्तराखंड में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की शिक्षा व उनके पुनर्वास हेतु ₹ऑपरेशन मुक्ति₹ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोभाल के कुशल निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन/नोडल अधिकारी ऑपरेशन मुक्ति सुश्री नताशा सिंह के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 17.05.23 को प्रभारी ऑपरेशन मुक्ति टीम चमोली द्वारा कस्बा गौचर में 03 बच्चों का प्राथमिक विद्यालय गौचर में दाखिला कराया गया। जिसमें नाम पता कुलदीप पुत्र विकास उम्र 12 वर्ष निवासी मेला गेट गौचर, परमजीत पुत्र विकास उम्र-10 वर्ष निवासी उपरोक्त व कार्तिक पुत्र अशोक उम्र-8 वर्ष निवासी उपरोक्त। उक्त बच्चों के अभिभावकों द्वारा बताया गया की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई आगे जारी नहीं कर सके, ऑपरेशन मुक्ति टीम द्वारा अभिभावकों को नियमित रूप से बच्चों को स्कूल भेजने की हिदायत दी गयी, साथ ही शिक्षकों को भी समय-समय पर ₹ऑपरेशन मुक्ति₹ अभियान के तहत भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों को शिक्षा से शिक्षा की ओर अग्रसर कर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए चमोली पुलिस द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चलाकर आमजन मानस को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ऑपरेशन मुक्ति विजय भारती, हे0का0 युद्धवीर सिंह व अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।




# रुड़की में बाग की रखवाली कर रहे तीन युवकों पर गुलदार का हमला

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 18 मई : रुड़की के भगवानपुर के मानक माजरा गांव में गुलदार ने तीन युवकों पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं, एक युवक को हल्की चोट आई है। घटना बीते दिन देर रात की है। तीनों युवक आम के बाग की रखवाली कर रहे थे। तभी अचानक गुलदार ने हमला कर दिया। उस समय बाग में नवाब व मोनिश और साजेब रखवाली कर रहे थे। मोनिश और नवाब गंभीर रूप से घायल हो गए और साजेब कम घायल हुआ। गुलदार ने युवकों पर पंजों और दांतों से हमला कर बुरी तरह घायल किया है। जानकारी मिलने पर परिजनों व ग्रामीण की भीड़ जमा हो गई ।पहले घायलों को भगवानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां से दो को ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया गया। वन रेंजर विनय राठी ने गांव पहुंचकर जानकारी ली। गुलदार की तलाश में टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में लंबे समय बाद गुलदार को देखा गया है। घटना के बाद से ही ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।



## संक्षिप्त खबरें

### लाहुरघाटी व गोमतीघाटी में संचार सेवा पटरी से उतरी

बागेश्वर। तहसील की दूरस्थ लाहुर घाटी व गोमती घाटी की संचार व्यवस्था धड़ाम हो गई है। आए दिन यहां फोन मिलाने पर नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर ही बताया जाता है। जिससे लोग काफी परेशान हैं। किसान संगठन व लाहुर घाटी विकास मंच ने सभी कंपनियों से शीघ्र संचार व्यवस्था दुरस्त करने की मांग की है। लाहुर घाटी के जाख, दाड़ीमखेत, नैकानाखुमटिया, गनीगांव, लमचूला, जखेड़ा तथा गोमती घाटी के छ्त्यानी, मजकोट, रतिसेरा, लोहागड़ी, कुंझाली आदि गांवों में आए दिन संचार व्यवस्था लडख़ड़ाई रहती है। जिससे ग्रामीण अपने स्वजनों से बातचीत नहीं कर पाते हैं। देश-प्रदेश गए ग्रामीण जब अपने घर फोन मिलाते हैं तो नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर ही बताता है ।जिससे आए दिन ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किसान संगठन ने दोनों घाटियों का दौरा कर समस्याएं सुनी। किसान संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कत्यूरी व लाहुर घाटी विकास मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह परिहार ने सभी कंपनियों से शीघ्र दोनों घाटियों में संचार व्यवस्था दुरस्त करने की मांग की है।

### घूस मांगने पर पटवारी को 5 साल की सजा

हल्द्वानी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम (विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण) हल्द्वानी नीलम रात्रा की अदालत ने एक पटवारी (राजस्व उप निरीक्षक) को घूस मांगने पर 5 साल की सजा और 25 हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। रिश्वत मांगने के दौरान बेरीनाग पिथौरागढ़ निवासी पटवारी यूएस नगर में तैनात था। विजिलेंस के इंस्पेक्टर अरविंद डंगवाल ने बताया कि जरासु प्रतापपुर निवासी गुरमीत सिंह ने इस मामले में शिकायत दी थी। उन्होंने गुरखुड़ा यूएस नगर में तैनात राजस्व उप निरीक्षक बेरीनाग छड़मोली निवासी सुरेश चन्द्र लोहनी पर आय प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने के एवज में 15000 रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। विजिलेंस के खटीमा स्थित कार्यालय में 18 जुलाई 2016 को शिकायत प्राप्त हुई थी। जांच में आरोप सही पाया गया। इसके बाद इंस्पेक्टर पीसी मठपाल के नेतृत्व में गठित ट्रैप टीम ने 19 जुलाई को शिकायतकर्ता गुरमीत सिंह से 15 हजार रुपये लेते हुए पटवारी सुरेश चन्द्र लोहनी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन अधिकारी दीपा रानी ने कोर्ट में नौ गवाह प्रस्तुत किए।

# भाजपा संगठन ने दिया पीएम मोदी को महा जनसंपर्क अभियान की रैली में शिरकत का न्यौता.....

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट। भाजपा संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से महा जनसंपर्क अभियान के तहत होने वाली रैली में उत्तराखंड आने का विशेष आग्रह किया है ।पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड की जनता से अपार स्नेह है । यही वजह है कि समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रदेशवासियों की तरफ से संगठन और सरकार द्वारा मोदी जी को महा जनसंपर्क अभियान के दौरान होने वाली 5 लोकसभा की रैलियो में से किसी एक रैली में उत्साह बढ़ाने आने का आग्रह किया है। इस सम्बन्ध में अपने दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर धामी एवं स्वयं वह भी प्रधानमंत्री से विन्रम आग्रह कर चुके हैं।




## लोहाघाट में शिक्षक पर धारदार हथियार से हमला

चम्पावत। विकास खंड लोहाघाट में नेपाल सीमा से लगे राजकीय प्राथमिक विद्यालय दशलेख में तैनात शिक्षक पर जान लेवा हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में शिक्षक को उपजिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती किया। घटना से शिक्षकों में भारी आक्रोश। पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। शिक्षक दिनेश सिंह रावत ने बताया कि मंगलवार की रात को अपने कमरे की ओर जा रहे थे। अचानक रौंशाल क्षेत्र के एक युवक ने उनपर धारदार हथियार लोहे के पंच से हमला कर दिया। खून से लथपथ घायल शिक्षक ने किसी तरह से भागकर जान बचाई और पंचेश्वर कोतवाली को सूचना दी। लोगों की मदद से घायल शिक्षक को उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय लोहाघाट लाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। शिक्षक रावत ने हमलावर पर सोने की चेन और बीस हजार रुपये लूटने का भी आरोप लगाया। बताया कि कुछ दिन पूर्व भी उनकी कार के शीशों को भी खोलकर फेंक दिया गया है। जिसकी शिकायत भी उन्होंने पंचेश्वर कोतवाली में दी है। घटना के बाद शिक्षक भडक गए हैं।

## संपादकीय



## एकता में विरोध

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने विपक्षी एकता और 2024 का आम चुनाव साथ-साथ लडने का जो फॉर्मूला दिया है, वह कांग्रेस को कबूल नहीं है। ममता का सुझाव था कि जिन 200 सीटों पर कांग्रेस मजबूत है, वहां क्षेत्रीय दल उसके उम्मीदवार को समर्थन दें। जिन राज्यों में क्षेत्रीय दल ताकतवर हैं और उनकी सरकारें भी हैं, वहां कांग्रेस उनके उम्मीदवार का समर्थन करे। बंगाल का उदाहरण देते हुए ममता ने साफ कहा कि कांग्रेस हमारा विरोध न करे। दरअसल विपक्षी एकता तो तभी संभव है, जब विभिन्न दल अपनी संकीर्णताओं और क्षुद्रताओं को छोड़ दें। ऐसा फिलहाल संभव नहीं लग रहा, क्योंकि कर्नाटक जनादेश के बाद कांग्रेस एक बार फिर फुलफुलाने लगी है। उसे लग रहा है मानो उसने पूरा देश जीत लिया! यूं भी कह सकते हैं कि उसका राष्ट्रीय दल वाला अहंकार फिर से जागृत हो उठा है। कांग्रेस प्रवक्ता अलका लांबा ने टीवी चर्चाओं के दौरान साफ कहा है कि तृणमूल कांग्रेस पहले अपने गिरेबां में झांक कर देखे। हमें ऐसे दलों का समर्थन नहीं चाहिए। तृणमूल भाजपा की 'बी टीम' ही बनी रहे। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी का बयान भी ममता-विरोधी है। वयोवृद्ध नेता शरद पवार कई बार कह चुके हैं कि जो मजबूत दल है, उसकी मदद की जाए। समान विचार वाले दल एक साथ आएं और साझा न्यूनतम कार्यक्रम भी तैयार किया जाए। उसी के आधार पर 2024 का आम चुनाव लड़ा जा सकता है। चूंकि इसी माह के अंत में राजधानी दिल्ली में 'नीति आयोग' की बैठक होनी है, लिहाजा अधिकतर मुख्यमंत्री भी दिल्ली आएंगे। नीतीश और ममता के आने की भी खबर है। संभवतः सोनिया गांधी से ममता बनर्जी की मुलाकात होगी! लेकिन इन मुलाकातों, संवादों और रणनीतियों का राजनीतिक लाभ तभी है, जब विपक्षी एकता का आकार सामने आने लगे। नीतीश कुमार लगातार विपक्षी नेताओं से मिल रहे हैं। न जाने बातें क्या हो रही हैं, लेकिन ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने नीतीश से मुलाकात के बाद बयान दिया कि अभी कोई तीसरा मोर्चा नहीं। जाहिर है कि उनका बीजद उसी तरह चुनाव में उतरना चाहता है, जिस तरह उतरता रहा है। नवीन पटनायक प्रधानमंत्री मोदी के स्पष्ट विरोधी नहीं हैं। अलबत्ता भाजपा के साथ गठबंधन भी नहीं है।

दैनिक न्यूज़ वायरस

संपादक : मो.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002 RNI No. : UT-THIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## लिंग सवेदीकरण पर हुई कार्यशाला

चम्पावत। रंग कारवां संस्था की ओर मां पूर्णागिरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एकदिवसीय लिंग संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बीएड प्रशिक्षुओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। तरुण और पंकज ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि हमारे समाज में महिलाओं और पुरुषों को पूर्वाग्रहों के साथ रखा गया है। कहा कि इन पूर्वाग्रहों को तोडना आवश्यक है। प्रधानाचार्य गिरीश पचौली ने कहा कि समाजिक पूर्वाग्रहों को जड़ से खत्म करने की जिम्मेदारी समाज की है और शिक्षक इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में बीएड प्रशिक्षुओं के साथ-साथ रंग कारवां के मनोज सकलानी, सोनी लोहिया आदि रहे।

## बनबसा : मैक्स वाहन पलटा, नौ घायल, एक की मौत

चम्पावत। बनबसा स्ट्रांग फार्म में स्कूटी को बचाने के प्रयास में मैक्स वाहन सडक पर पलट गया। हादसे में वाहन में सवार नौ यात्री गंभीर घायल हो गए। जबकि दार्चुला, पिथौरागढ़ निवासी एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य घायलों का उपजिला अस्पताल में उपचार जारी है। वाहन में चालक सहित कुल दस यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह मैक्स वाहन संख्या यूके 05 टीए 2764 रुद्रपुर से पिथौरागढ़ जा रही थी। तभी बनबसा के पास स्ट्रांग फार्म में खटीमा को जा रही स्कूटी को बचाने के प्रयास में मैक्स वाहन सडक में ही पलट गया। सीएमएस डॉ घनश्याम तिवारी ने बताया कि घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## जसपुर में पहली बार हुआ हज आज़मीनों का टीकाकरण

काशीपुर। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी राशिद की पहल पर मदरसे में लगे हज आजमीनों के टीकाकरण कैंप में 242 महिला पुरुषों का टीकाकरण कराया गया। इस दौरान हज कमेटी अध्यक्ष, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने आजमीनों को हज के अरकान और तौर तरीकों के बारे बताया। बुधवार को मदरसा बदरूलउलूम में मेले जैसा माहौल था। जसपुर समेत काशीपुर, बाजपुर से टीकारण कराने को हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्री अपने परिजन संग मौजूद थे। मदरसा परिसर में एक सादे समारोह में हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष मो. शादाब शम्स, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने आजमीनों को हज यात्रा की जानकारी दी। उनके सवालों के जवाब भी दिए। इसके बाद टीकाकरण शुरू हुआ। स्वा. केंद्र से आये डा. नरेश, डा. दानिश एवं अन्य चिकित्सा कर्मियों ने महिला पुरुषों को टीके लगाये। टीकाकरण तीन बजे तक चलता रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### साढ़े सात किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून। साढ़े सात किलो गांजा के साथ दो आरोपी रायपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। कार्रवाई सपेरा बस्ती में की गई। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि सपेरा बस्ती में अवैध तरीके से गांजा बेचने जाने की सूचना मिली। सूचना पर टीम बनाकर दबिश दी गई। वहां पुलिस पहुंची तो हडकंप मच गया। पुलिस ने मौके से विजय नाथ और उसकी पत्नी विनीता नाथ को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे सात किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा की कीमत करीब दो लाख रुपये पुलिस ने बताई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बाहरी राज्यों से अवैध तरीके से गांजा लाकर उसे महंगे दामों पर बेचते हैं।

### दून निवासी ले. कर्नल घर में मृत मिले

देहरादून। छुट्टी पर घर आए दून निवासी ले. कर्नल घर में मृत मिले। बुधवार शाम शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। क्लेमनटाउन थानाध्यक्ष शिशुपाल राणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल से सूचना मिली कि ले. कर्नल आनंद सिद्धार्थ कौरा (50) निवासी टर्नर रोड को उपचार को लिए अस्पताल लाया गया। उनकी पहले से मौत हो चुकी थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता लगा कि वह हाल में छुट्टी पर घर आए हुए थे। वह शुगर के मरीज थे। उपचार के लिए इंसुलिन भी लेते थे। पत्नी की पहले मौत हो चुकी है। घर में वह माता पिता के साथ थे। माता पिता ने ही उन्हें कमरे में बिस्तर पर अचेत देखा। उनका बुधवार शाम पोस्टमार्टम हुआ तो सेना के जवान भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग पंजाब में थी।

### कुवैत की यूनिवर्सिटी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रोफेसर को ठग लिया

देहरादून। कुवैत की यूनिवर्सिटी में नौकरी के झांसे में दून की यूनिवर्सिटी का प्रोफेसर ठगी का शिकार हो गया। गुरुग्राम की एचआर फर्म ने झांसा देकर रकम ठगी। रजिस्ट्रेशन, वीजा सिक्योरिटी, रेजिडेंस सिक्योरिटी आदि के नाम पर अलग-अलग खातों में 1.23 लाख रुपये जमा करा लिए गए। इसके बाद और रकम भी मांगी गई। तहरीर पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि डॉ. कुंदन कुमार चौबे ने तहरीर दी। वह उत्तरांचल यूनिवर्सिटी में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर तैनात थे। उन्होंने तीन अप्रैल 2023 को जॉब छोडने के लिए यूनिवर्सिटी को नोटिस दिया था। उन्हें 29 अप्रैल को यूनिवर्सिटी ने रिलीव कर दिया। वह नौकरी तलाश रहे थे। उनके दोस्त ने एक जॉब अलर्ट उनकी ई-मेल पर भेजा। यह ई-मेल शाइन डॉट कॉम की ओर से आया हुआ था। इसी तरह का ई-मेल उन्हें भी आया था। इसमें लिखा था कि कुवैत यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर की भर्ती की जा रही है। इस प्रपोजल के बाद ई-मेल में आए नंबर पर उन्होंने कॉल किया। बात हुई सामने से बोले व्यक्ति ने खुद को जेट कर्व हायरिंग का कंसल्टेंट गौरव शर्मा बताया। गौरव शर्मा ने उनसे शुरुआत में रजिस्ट्रेशन के रूप में एक हजार रुपये कंपनी के खाते में जमा कराए। इसके बाद 18 अप्रैल को उनके पास फोन आया कि उनका असिस्टेंट प्रोफेसर पर पर चयन हुआ है। अब उन्हें और भी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। गौरव शर्मा से लगातार बात हो रही थी। 20 अप्रैल की सुबह कुवैत के एक नंबर से फोन आया और उसने टेलीफोन पर उनका इंटरव्यू भी ले लिया। चौबे बेहद खुश थे कि अब उनका सलेक्शन कुवैत यूनिवर्सिटी में हो जाएगा। इसके बाद गौरव शर्मा का फोन आया और कहा कि वीजा सिक्योरिटी व रेजिडेंट सिक्योरिटी के लिए और रुपये जमा करने होंगे। उन्होंने बिना सोचे समझे करीब 1.22 लाख रुपये विभिन्न खातों में जमा कर दिए। इसके बाद उनसे फिर से पैसों की मांग की गई तो उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने कुवैत एंबेसी में इसका सत्यापन किया तो पता चला कि इस तरह की किसी भी प्रकार की जॉब कुवैत यूनिवर्सिटी ने नहीं निकाली हैं। गौरव बार-बार फोन कर रहा था। यह रिपोर्ट उन्होंने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी कर दी। देर होने के कारण कोई मदद नहीं हो सकी। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि मामले में डॉ. चौबे की शिकायत पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### ग्रामीण से ठगी 11700 रुपये की राशि

बागेश्वर। तहसील के माल्दे निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। युवक से 11700 रुपए की ठगी की गई। ग्राम पंचायत माल्दे निवासी सुरेंद्र सिंह को एक व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि वह समाज कल्याण विभाग से बोल रहा है। उसने बोला कि आपकी लडकी के गूगल खाते में दस हजार रुपए भेजे हैं। इसको अपने एकाउंट में भेजो। जैसे ही युवक ने गूगल से एकाउंट में ट्रांसफर किए, तो खाते से पूरे 11700 रुपए कट गए। उसके बाद गांव के तीन अन्य लोगों को भी फोन आया। जिससे वे डर गए। ग्रामीण इस घटना से डरे हुए हैं। ग्रामीणों में दहशत है। युवक सुरेंद्र सिंह ने ठगी की शिकायत ऑनलाइन और थाना बैजनाथ में दर्ज करा दी है। थानाध्यक्ष बैजनाथ कुंदन सिंह रौतेला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने सभी लोगों से साइबर ठगी से बचने के लिए अपनी निजी जानकारियां किसी भी अनजान व्यक्ति को साझा न करने की अपील की है। साथ ही साइबर ठगी के विरुद्ध जागरूक रहने को कहा है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ठग का पता लग जाएगा।

### ललित का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी

बागेश्वर। पीआरडी जवान का आमरण अनशन दूसरे दिन जारी रहा। उसने 2014 से ड्यूटी नहीं मिलने का आरोप लगाया है। अनशन पर बैठे जवान का अभी मेडिकल परीक्षण आदि नहीं हो सका है। उसके स्वजनों को चिंता सता रही है। वैणीमाधव वार्ड के नई बस्ती निवासी ललित राम पुत्र उदय राम का अनशन दूसरे दिन जारी रहा। उन्होंने कहा कि 2014 से वह ड्यूटी देने की मांग कर रहे हैं। वह प्रशिक्षत जवान हैं। लेकिन विभाग उन्हें टालता रहा है। महंगाई के कारण उसका घर नहीं चल पा रहा है। वह मजबूर होकर अनशन पर बैठा है। उसके साथ अप्रिय घटना होने पर शासन-प्रशासन जिम्मेदार रहेगा।

### संदिग्ध परिस्थिति में व्यक्ति की मौत

बागेश्वर। दफौट क्षेत्र के गुरना गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीण उसे मृत अवस्था में अस्पताल लाए। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार गुरना निवासी 33 वर्षीय जीवन नगरकोटी पुत्र राजेंद्र नगरकोटी को ग्रामीण मंगलवार की रात जिला अस्पताल लाए। जैसे ही डॉक्टरों ने उसे देखा, उसकी मौत आधे घंटे पहले हो चुकी थी। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया।

# सीएम धामी ने चारधाम यात्रियों के लिए बने रजिस्ट्रेशन ऑफिस कम ट्रांजिट कैम्प का लोकार्पण किया


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऋषिकेश में लगभग 22.25 करोड़ रूपये की लागत से चारधाम यात्रियों के लिए बने रजिस्ट्रेशन ऑफिस कम ट्रांजिट कैम्प का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने ऋषिकेश क्षेत्र में चन्द्रभागा नदी के दायें तट पर ढ़ालवाला पुल से बस अड्डा तक लगभग 4.71 करोड़ रूपये से निर्मित आस्था पथ के ऊपर सी.सी. मार्ग के निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया।













मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रियों के लिए रजिस्ट्रेशन ऑफिस कम ट्रांजिट कैम्प के लोकार्पण के अवसर पर चारधाम यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत किये जा रहे सभी कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने ट्रांजिट कैम्प में चिकित्सालय, पंजीकरण कार्यालय, पूछताछ एवं सहायता केन्द्र का अवलोकन भी किया और वहां की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं अच्छी रखी जाए। यात्रियों के साथ शालीनता पूर्वक व्यवहार किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से चारधाम यात्रा के लिए आए श्रद्धालुओं से बातचीत की। उन्होंने सभी का देवभूमि उत्तराखण्ड में स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं।

उन्होंने चारधाम यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, श्री प्रेम चंद अग्रवाल, सासंद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, मेयर ऋषिकेश श्रीमती अनीता मंमगाई, गढ़वाल आयुक्त श्री सुशील कुमार, आईजी गढ़वाल श्री के. एस. नगन्याल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने किया हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा परिसर ऋषिकेश से श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के प्रथम जत्थे को रवाना

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा परिसर ऋषिकेश से श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के प्रथम जत्थे को रवाना किया। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा में मत्था टेका एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने हेमकुंड यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी।



राज्यपाल ने कहा कि आज श्री हेमकुंड साहिब जी की यात्रा के शुभारंभ का यह बहुत ही शुभ दिन है, पंज प्यारों के नेतृत्व में पहला जत्था श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए रवाना हो रहा है और मैं इस पवित्र अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होंने कहा कि यह यात्रा हम सबके लिए श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की यात्रा है, जीवन को धन्य बनाने की यात्रा है। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी श्रद्धालुओं को भी हिमालय की सात चोटियों के बीच, अमृत सरोवर की लहरों के बीच, पवित्र श्री निशान साहिब की लहराती दिव्य ध्वजा के साथ श्री हेमकुंड साहिब जी के पवित्र दर्शन प्राप्त कर जीवन को धन्य बनाने का यह अवसर प्राप्त हुआ है।

राज्यपाल ने सिख गुरुओं को याद करते हुए कहा कि युद्ध कला, युद्ध रणनीति, 'निश्चय कर अपनी जीत करौ' विजय हासिल करने की शिक्षा, निंदा, चुगली से दूर रहने की शिक्षा, जरूरतमंद की सेवा करने की शिक्षा, बचत करने की शिक्षा, शस्त्र विद्या, घु?सवारी करने की शिक्षा, नशे से दूर रहने की शिक्षा हमें गुरूओं ने दी है। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान, साहस, बलिदान, परिश्रम और सेवा के मार्ग पर चलकर 'सवा लाख ते एक ल?ावां' का संदेश अदम्य साहस की शिक्षाओं का सार है। वहां उपस्थित देश-विदेश से आए हुए श्रद्धालुओं से राज्यपाल ने कहा कि यह उत्तराखण्ड की धरती गुरु परम्परा की समृद्ध धरती है। उन्होंने कहा कि श्री हेमकुंड यात्रा में आने वाला हर यात्री हमारा ब्रांड एंबेसडर है, हमारा प्रयास है कि यहां से हर एक साध संगत संतुष्ट होकर जाए, हमारे लिए ये बहुत ही खुशी की बात है कि श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए दो हजार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने श्री हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा की खोज करने वाले महान आत्माओं को भी याद कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं राज्य सरकार द्वारा यात्रा हेतु एवं यात्रा मार्ग पर हो रहे कार्य, व्यवस्थाओं एवं हेल्थ एटीएम को लेकर खुशी जाहिर की।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हेमकुंड साहिब की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा पर जाने से पहले अपने स्वास्थ्य परीक्षण जरूर करवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा भी चरम पर है। पिछले साल 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा के दर्शन किए। इस वर्ष चारधाम यात्रा के लिए इससे भी अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो, इसके लिए हर संभव व्यवस्थाएं की गई हैं।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री केदारनाथ एवं श्री हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे का शिलान्यास करने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन दोनों रोपवे के बन जाने से यात्रा सहज एवं सुगम होगी। कर्णप्रयाग-ऋषिकेश रेल लाइन शुरू होने के बाद हेमकुंड साहिब की यात्रा और सुगम होगी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, श्री प्रेम चंद अग्रवाल, श्री सुबोध उनियाल, सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, मेयर ऋषिकेश श्रीमती अनीता ममगाई, महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कंडवाल एवं गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### वट सावित्री पर सार्वजनिक अवकाश की मांग मुखर

बागेश्वर। आगामी 19 मई को वट सावित्री व्रत पर सार्वजनिक अवकाश दिए जाने की मांग मुखरित होने लगी है। इस संबंध में समाजसेवी हरीश जोशी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में समाजसेवी श्री जोशी ने कहा है कि मीडिया और सोशल मीडिया की तडक़ भडक़ के चलते उत्तराखंड में करवाचौथ और छठ पूजा को सार्वजनिक अवकाश माना गया है। जबकि सुहाग पर्व वट सावित्री व्रत अधिसंख्य विवाहित महिलाओं द्वारा किया जाता है। सनातन संस्कृति के इस महापर्व पर सार्वजनिक अवकाश होना ही चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस संबंध में शीघ्र अवकाश घोषित करने की मांग की है।

### ऑनलाइन पढ़ाई पर जोर दे रहा फाउंडेशन

बागेश्वर। अडोर फाउंडेशन इन दिनों विद्यालयों को कम्पयूटर दान कर अपने प्रोजक्ट एजुकेट सेंटर में सम्मलित कर रही है। दीक्षा सती व चरणजीत ने बताया कि अभी तक संस्था ने 30 सेंटर खोले हैं, जो उत्तराखंड के अलावा कई अन्य राज्यों में हैं। संस्था के समाज सेवी विद्यालयों से ऑनलाइन जुड़ कर बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोडऩे का प्रयास कर रहे हैं। बच्चे जिस क्षेत्र मे जाना चाहते हैं उसकी समय से पहले जानकारी दे रहे हैं। फाउंडेशन के संस्थापक चरणजीत धीमान का कहना है कि जिन विद्यालयों के पास पहले से कंप्यूटर लैब और इंटरनेट सुविधा है वो भी हमारे एजुकेट सेंटर के साथ जुड़ सकते हैं। इसी क्रम में इस संस्था ने सरस्वती शिशु मंदिर गरुड़ को कंप्यूटर प्रदान करके संस्था के साथ जोड़ लिया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे छात्रों को ऑनलाइन जानकारी मिल पाएगी, जिससे वे अपना भविष्य तय कर सकें।

### चम्पावत को मिली लंपी वायरस की 30 हजार वैक्सीन

चम्पावत। चम्पावत जिले को लंपी वायरस की 30 हजार वैक्सीन मिली है। ये जानकारी सीवीओ ने बैठक में दी। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक लंपी वायरस से 27 जानवरों की मौत हुई है। डीएम ने पशुपालन विभाग को दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर मवेशियों का उपचार करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को कलक्ट्रेट में डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने लंपी वायरस की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों के साथ विचार विमर्श किया। उन्होंने शत प्रतिशत पशुओं का टीकारण और बीमार पशुओं का उपचार करने के निर्देश दिए। डीएम ने सीवीओ, पशु चिकित्सकों, पशुधन प्रसार अधिकारियों को दूरस्थ क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए सूचना उपलब्ध कराने को कहा। डीएम ने कहा कि इस संबंध में वह हर दिन अभियान की समीक्षा करेंगे। सीवीओ ने बताया कि लंबी बीमारी पर लगाम लगाने के लिए कई टीम बनाई हैं। ये टीम गांव-गांव जाकर पशुओं का उपचार कर रही हैं। बैठ में सीडीओ राजेंद्र सिंह रावत, पशु चिकित्सा अधिकारी डीके चंद, डॉ.जावेद खान, दुग्ध संघ प्रबंधक पुष्कर सिंह नगरकोटी, वायफ के जिला समंवयक प्रताप सिंह रावत आदि मौजूद रहे।